## संपादकीय

# बढ़ती हुई जिम्मेदारी

भारत एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) का सदस्य निर्वाचित हुआ है। एशिया पसिफिक क्षेत्र कैटिगरी में भारत को 188 वोट मिले, जो कि सभी उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा हैं। भारत पहली बार एक वर्ष हेतु इस संस्था के लिए साल 2006 में चुना गया था। इसके बाद 2007, 2011 और फिर 2014 में भारत को 3 वर्ष के लिए चुना गया। इस बार भारी मतों से चुना जाना इस बात का संकेत है कि दुनिया ने मानवाधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन किया है। यह एक तरह से उन मुल्कों को करारा जवाब भी है, जो मानवाधिकारों को लेकर हमारे खिलाफ दुष्प्रचार करते रहे हैं। यूएनएचआरसी, यूएन की मानवाधिकार संस्था है जिसका मिशन दुनिया भर में मानवाधिकारों की हिफाजत करना है, जिसकी स्थापना 15 मार्च 2006 को हुई थी। इससे पहले यूएन कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स यानी यूएनसीएचआर अपना काम कर रहा था। यूएनएचआरसी में 47 सदस्यों का चुनाव होता है जिन्हें 3 वर्ष के लिए सदस्यता मिलती है। चुनाव के लिए संयुक्त राष्ट्र आम सभा के 193 सदस्य गोपनीय रूप से मतदान करते हैं। किसी भी देश को यूएनएचआरसी का सदस्य बनने के लिए कम से कम 97 वोट की जरूरत होती है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसा देश अपनी वैश्विक भूमिका से मुंह मोड़ रहा है, भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अहम रोल अदा किया है। अमेरिका यूएनएचआरसी पर भेदभाव का आरोप लगाकर उससे अलग हो गया है। कुछ अन्य देशों का आरोप है कि यह एक कागजी संगठन बनकर रह गया है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण संस्था की विश्वसनीयता बहाल करना नए सदस्यों के लिए चुनौती है। आज दुनिया के अनेक हिस्से गृहयुद्ध की आग में जल रहे हैं। वहां सरकार बेहद लुंज-पुंज है और वह नागरिकों की हिफाजत नहीं कर पा रही है। वहां खासकर औरतों, बच्चों और बुजुर्गों की हालत दयनीय है। सामुदायिक संघर्ष और किसी प्राकृतिक आपदा के कारण दुनिया की बड़ी आबादी शरणार्थी बन चुकी है। उन्हें लेकर कई तरह के विवाद हैं। कुछ देशों ने उन्हें अपने यहां शरण देने से इनकार किया है। उन्होंने जो दलीलें दी हैं, उनमें से कई विचारणीय भी हैं। उनसे जुड़े सारे पहलुओं को सामने रखकर कोई रास्ता निकालना होगा। अनेक देशों में धार्मिक और नस्लीय आधार पर उत्पीड़न जारी है। कई मुल्कों की जेलों में मामूली अपराध के लिए असंख्य लोग अरसे से बंद पड़े हैं और कोई उनकी आवाज नहीं उठा रहा। उम्मीद की जानी चाहिए कि यूएनएचआरसी के जरिए भारत इन अहम सवालों का समाधान ढूंढने में कारगर भूमिका निभाएगा।

# एसबीआई खाते के साथ नहीं है मोबाइल नंबर रजिस्टर, 1 दिसंबर से बंद हो जाएगी नेटबैंकिंग

नई दिल्ली। अगर आप भी स्टेट बैंक की नेटबैंकिंग का इस्तेमाल करते हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। यदि आपका मोबाइल नंबर एसबीआई की नेट बैंकिंग के साथ रजिस्टर नहीं है तो आप 1 दिसंबर से इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे। एसबीआई ने अपने ग्राहकों को आगाह किया है कि वे 1 दिसंबर तक अपने मोबाइल नंबर को बैंक के साथ रजिस्टर करवा लें, अन्यथा उनकी नेट बैंकिंग की सुविधा ब्लॉक कर दी जाएगी।



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी इंटरनेट बैंकिंग वेबसाइट आनलाइनएसबीआई पर ग्राहकों को इससे संबंधित नोटिस दिया है। जिसमें बैंक ने कहा है कि यदि आपने बैंक की शाखा पर जाकर मोबाइल नंबर को रजिस्टर नहीं किया है तो अगले महीने के बाद आप नेटबैंकिंग का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे लेकिन यदि आपका नंबर रजिस्टर है तो आप बेफिक्र इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।बैंक का यह आदेश रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से इस साल जुलाई में जारी सर्कुलर के चलते आया है। इस सर्कुलर में आरबीआई ने देश के सभी बैंकों को कहा था कि वे अपने ग्राहकों को एसएमएस और ईमेल के जरिए अलर्ट भेजने के लिए अनिवार्य रूप से उनके विवरण को रजिस्टर करवा लें।

### ऐसे पता करें अपना स्टेटस

आपका नंबर एसबीआई के साथ जुड़ा हुआ है, यह पता करना बेहद आसान है। सबसे पहले आपको एसबीआई नेटबैंकिंग के लिए लॉगइन करना होगा। इसके बाद आपको होम पेज पर माइ अकाउंट एड प्रोफाइल टैब मिलेगा। इस पर क्लिक करें। इसके बाद यहां पर आपको प्रोफाइल पर क्लिक करना है। इसमें आपको एक टैब दिखेगा जिस पर पर्सनल डिटेल एवं मोबाइल दिया या है।

### दुनिया भर में 41 प्रतिशत घटा एफडीआई, 2018 में भारत आया 22 बिलियन डॉलर का विदेशी निवेश

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक ताजा रिपोर्ट में वैश्विक स्तर पर गिरते एफडीआई निवेश पर चिंता जताई गई है। यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिका में ट्रंप प्रशासन द्वारा लागू किए गए टैक्स सुधारों के चलते वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 41 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय उपमद्वीप में विदेशी निवेश बढ़ा है। भारत ने 2018 के पहले 6 महीनों में 22 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल किया है।

# फ्लिपकार्ट-अमेजन ने तोड़े बिक्री के सारे रिकॉर्ड, 5 दिनों में बेच डाल 15000 करोड़ के प्रोडक्ट, 64 प्रतिशत बढ़ा कारोबार

नई दिल्ली। भारतीय ईकॉमर्स पर सामान खरीदने के कितने शौकीन हैं यह बात अमेजन और फ्लिपकार्ट की हाल में खत्म हुई सेल के आंकड़े से पता चलता है। एक निजी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसी अन्य ईकॉमर्स कंपनियों ने मात्र पांच दिनों के भीतर 15000 करोड़ रुपए की सेल कर डाली। इसमें स्मार्टफोन और बड़े अप्लाइंसेस के साथ फैशन प्रोडक्ट की डिमांड सबसे ज्यादा रही। बता दें कि फ्लिपकार्ट और अमेजन ने 10 अक्टूबर से अपनी-अपनी फेस्टिवल सेल शुरू की थी। फ्लिपकार्ट की सेल जहां 14 अक्टूबर को खत्म हुई वहीं अमेजन ने सोमवार रात को अपनी सेल खत्म की।





निजी रिसर्च कंपनी रेडसीर कंसल्टिंग की रिपोर्ट के मुताबिक 9 से 15 अक्टूबर के बीच चली ईकॉमर्स कंपनियों की सेल ने अब तक के सभी बिक्री रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस दौरान कंपनियों ने करीब 2 बिलियन डॉलर की सेल कर डाली। पिछले साल की बिक्री के आंकड़ों के मुताबिक यहां 64 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल इन कंपनियों ने 1.4 बिलियन डॉलर यानि कि 10325 करोड़ रुपए की बिक्री की थी।रेडसीर ने बताया कि ईकॉमर्स कंपनियों की इस ग्रोथ के कई कारण हैं, इसमें सबसे अहम टियर 2 और टियर 3 शहरों में इन कंपनियों की बढ़ती पहुंच है।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 50 ओवर में बनाए 596/3, जीता 571 रन से मैच



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया में दो महिला क्रिकेट टीमों को बीच एक मजेदार मैच खेला गया. एडिलेड में खेले गए 50 ओवर के इस मैच में नॉर्दन डिस्ट्रिक्ट्स ने 3 विकेट के नुकसान पर 596 रनों की विशाल पारी खेली. लेकिन इस मैच की इससे भी मजेदार बात यह रही है कि विरोधी टीम मात्र 25 रनों पर ही ऑलआउट हो गई और 571 रनों से इस मैच को हार गई.

पोर्ट एडिलेड में सुपर वुमन फर्स्ट ग्रेड के मैच में पोर्ट एडिलेड के खिलाफ एसएसीए पीसी स्टेटवाइड ने 596 रन बनाने के बाद विपक्षी टीम को 25 रन पर ढेर कर दिया और मैच 571 रनों से जीत लिया. पोर्ट एडिलेड टीम की चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाई नॉर्दन डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से कप्तान टेगन मैकफारलिन, सैम बैट्स, तबिता सिवले और डेरिक ब्राउन ने शतक लगाए. मैकफारलिन 80 गेंदों पर 136 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहीं. बैट्स ने 71 गेंदों में 124 नाबाद, सिवले ने 56 गेंदों में 120 और ब्राउन ने 84 गेंदों पर नाबाद 117 रन बनाए. पोर्ट एडिलेड की टीम ने 88 अतिरिक्त रन भी दिए,

## 100 रुपये का नया नोट यहां बिक रहा 666 में, लग रही बोलियां

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने 100 रुपये का नया नोट जारी कर दिया है. बैंकों ने भी ग्राहकों को ये नये नोट देने शुरू कर दिए हैं. 100 रुपये के कुछ नये नोट तो 666 रुपये तक में बिक रहे हैं. सिर्फ एक नोट ही नहीं, बल्कि 100 रुपये के नोटों की गड्डी के लिए भी बोलियां लग रही हैं.द्गड्डड्ड4.ष्श्चद्ब पर कई ऐसी लिस्टि?ंग की गई हैं, जिसमें 100 रुपये के नये नोट की बोलियां लगाई जा रही हैं. 100 रुपये के नये नोट के अलावा यहां भारतीय मुद्रा के अन्य नोट भी बिक रहे हैं.

# विराट को ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले सुलझाने होंगे, 'दो अहम मुद्दे'

नई दिल्ली। भारतीय टीम विंडीज के खिलाफ 2-0 के साथ ही अपनी धरती पर लगातार दसवीं जीत के बाद काफी गदगद है, लेकिन इसके बावजूद विराट कोहली के सामने अभी भी कई चैलेंज हैं. छह दिसंबर से एडिलेड टेस्ट के आगाज के साथ ही भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा शुरू हो जाएगा, लेकिन उससे पहले विराट के वीरों के पास सुलझाने को बहुत कुछ है.और चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट के लिए ये मुद्दे सुलझाना बिल्कुल भी आसान होने नहीं जा रहा.

इंग्लैंड के हाथों पिछले दिनों मिली 4-1 से हार के बाद भारतीय टीम विंडीज के खिलाफ कई पॉजेटिव ढूंढ रही थी. और उसे पॉजेटिव मिले भी. युवा पृथ्वी शॉ के मैन ऑफ द



मैच सीरीज जीतने के बाद कहा जा सकता है कि भारत को भविष्य का एक बड़ा खिलाड़ी मिल गया है. लेकिन इसके बावजूद कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पर टीम इंडिया को काम ही नहीं करना, ब्लकि काफी ज्यादा काम करना है. इन्हीं में से एक क्षेत्र ओपनिंग है. भारत ने ऑस्ट्रेलिया में मुरली विजय के साथ शिखर धवन और केएल राहुल को आजमाया था. लेकिन अब ये दोनों ही ओपनर बाहर हो चुके हैं. टीम से ड्रॉर होने के बाद विजय ने काउंटी के लिए काफी रन बनाए, तो धवन ने एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे, लेकिन इसके बावजूद इन भारतीय मैनेजमेंट ने एकल रहुल और पृथ्वी शॉ की जोड़ी को आजमाया.

## आज का राशिफल

मेषः आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। गणेशजी आज आपको अपने ोध को काबू में रखने के लिए कहते हैं। शरीर में स्फूर्ति का अभाव हो सकता है।

वृषभः कार्य सफलता में विलंब और शारीरिक अस्वस्थता के कारण आप हताशा की भावना का अनुभव कर सकते हैं। अत्यधिक काम के बोझ से थकान और मानसिक बेचैनी हो सकती है।

मिथुनः शारीरिक व मानसिक ताजगी और प्रफुल्लता का अनुभव होगा। कुटुंबीजनों तथा मित्रों के साथ प्रवास एवं पार्टी का आयोजन होगा।

कर्कः आज के दिन आपको खुशी और सफलता मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में सुख-शांति से दिन व्यतीत करेंगे। प्रतिस्पर्धियों को परास्त कर सकेंगे।

सिंहः लेखन, साहित्य के क्षेत्र में कुछ नया करने की आपको प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थी अध्ययन में उत्तम प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रणय में सफलता और प्रिय व्यक्ति यों के साथ की मुलाकात आपका मन हर्षित करेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन चिंताग्रस्त हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन ना हो, इस बात का ध्यान रखें।

तुलाः शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन हो सकता है। व्यावहारिक अवसर पर बाहर जाएंगे। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे। आज नए कार्यों का आरंभ कर सकते हैं।

वृश्चिकः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। पारिवारिक कलह का अवसर न आए, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर रहें।

धनुः आज के दिन आप अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मकरः आज के दिन सावधानी से चलने की गणेशजी सलाह देते हैं। अधिक परिश्रम में कम सफलता मिलने से निराशा की भावना मन में ना आए, मेहनत करते रहें।

कुंभः आज आप नए कार्य की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेगें। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। स्त्री मित्र आपकी प्रगति में सहायक बनेंगी।

मीनः नौकरी या व्यवसाय में सफलता पाने से तथा उच्च पदाधिकारियों के प्रोत्साहक व्यवहार से आप अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

# कालरात्रि:काल से रक्षा करने वाली सातवी शक्ति की कथा

**देवी कालरात्रि जिनके स्मरण मात्र से ही भाग जाते हैं दैत्य, राक्षस और भूत-प्रेत**

**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।**
**वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**



नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि। काल से भी रक्षा करने वाली यह शक्ति है।

इस देवी के तीन नेत्र हैं। ये तीनों ही नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल हैं। इनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है। ये गर्दभ की सवारी करती हैं। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। दाहिनी ही तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। यानी भक्तों हमेशा निडर, निर्भय रहो।

बाई तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग है। इनका रूप भले ही भयंकर हो लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मां हैं। इसीलिए ये शुभंकरी कहलाई अर्थात् इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार से भयभीत या आतंकित होने की कतई आवश्यकता नहीं। उनके साक्षात्कार से भक्त पुण्य का भागी बनता है।

कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम आसुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं।

इसलिए दानव, दैत्य, राक्षस और भूत-प्रेत उनके स्मरण से ही भाग जाते हैं।

ये ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं और अग्नि, जल, जंतु, शत्रु और रात्रि भय दूर हो जाते हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है।

## अब आईपीएल में मुफ्त पास पर लगेगा जीएसटी

नई दिल्ली। हाल ही में भारत में क्रिकेट मैचों के आयोजन को लेकर मुफ्त पास या मानार्थ टिकटों को लेकर कुछ विवाद समाने आए हैं. इनमें बीसीसीआई और मैच के स्थानीय क्रिकेट संघो के बीच मानार्थ टिकट को लेकर हुआ विवाद प्रमुख है.

अब ऐसे पासों को लेकर निर्णय प्राधिकरण (एएआर) ने एक नई व्यवस्था जारी की है. एएआर के मुताबिक अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फ्रेंचाइजी मालिकों द्वारा दिए जाने वाले मुफ्त या मानार्थ टिकटों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा.

## नवरात्रि स्पेशलः इस तरह बनाकर खाएं टेस्टी आलू का हलवा

नवरात्रि के उपवास में ज्यादातर लोग आलू खाना पसंद करते हैं लेकिन हर बार एक ही तरह की डिश खाकर हर कोई परेशान हो जाता है। आज हम आपके लिए लाए है आलू का हलवा बनाने रेसिपी, जो खाने में टेस्टी और बनाने में बेहद आसान है तो चलिए जानते हैं। इसे बनाने की विधि।



सामग्री आलू 4-5 उबले हुए, देसी घी 1 टेबलस्पून, चीनी 1 टेबलस्पून, खोया जरूरत अनुसार, इलायची पाउडर थोड़ा-सा, ड्राई फरूट्स गार्निश के लिए।

रेसिपी- सबसे पहले उबले आलूओं को छीलकर कद्दूकस कर लें। फिर एक पैन में 1 टेबलस्पून देसी घी गर्म करें और उसमें कद्दूकस आलू को डालकर फ्राई कर लें। जब आलू हल्के गुलाबी रंग के हो जाएं तो इसमें 1 टेबलस्पून चीनी और खोया डालकर धीमी आंच पर चलाते रहें और जब हलवा गाढ़ा हो जाए तो गैस बंद कर दें और इलायची पाउडर मिक्स करें। आपका आलू का हलवा बनकर तैयार है। इसे ड्राई फरूट्स से गार्निश करें।


## शब्द सामर्थ्य-61

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| इ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू-दोकू-61

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाईं से दाईं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |